संलग्न – 13

# शासकीय नवीन महाविद्यालय पाली जिला–कोरबा (छ0ग0)

www.govtcollegepali Email Id- ugcollegepali@gmail.com

## राष्ट्रीय सेवा योजना प्रतिवेदन

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरूआत अगस्त 2017 से विश्वविद्यालय का पत्र क्रमांक 93 / रा.से.यो. / 2017बिलासपुर दिनांक 02.08.2017 के द्वारा 50 छात्र–छात्राओं की इकाई से प्रारंभ हुई है। राष्ट्रीय सेवा योजना के सुचारू रूप से संचालन हेतु महाविद्यालय में कार्यरत श्री टीकाराम कश्यप सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) को प्राचार्य द्वारा कार्यक्रम अधिकारी नियुक्त किया गया।

## विगत तीन वर्षों का प्रगति प्रतिवेदन निम्नानुसार है।

### सत्र 2017–2018

### 2017–2018 की पंजीयन की जानकारी

| सामान्य | | अ.पि.व. | | अ.ज. जा | | अ. जा | | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| छात्र | छात्रा | छात्र | छात्रा | छात्र | छात्रा | छात्र | छात्रा | छात्र | छात्रा |
| 01 | 03 | 14 | 13 | 16 | 13 | 06 | 02 | 37 | 31 |

नियमित गतिविधि का संचालन–

इसके अंतर्गत महाविद्यालय में वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से हरियर छ.ग. योजना के अंतर्गत स्वयं सेवकों द्वारा विभिन्न प्रजाति के लगभग सौ पौधो का रोपण किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमति संजू जायसवाल सहित पार्षद गण एवं जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष प्रयागनारायण शाडिंल्य एवं ललित मानिकपुरी दीपक शर्मा मुकेश कौशिक व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। स्वयं सेवकों द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गांधी के जन्म दिन को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया इसके अतिरिक्त सालभर स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम सघन रूप से चलाया गया। नवम्बर 2017 में राष्ट्रीय सेवा योजना के उन्मुखीकरण कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के प ूर्व



2021.06.10 15:20

अधिकारी एवं रा.स.यो. के लिए पूर्ण समर्पित श्री विश्वनाथ कश्यप प्राचार्य शा. उच्च. मा.वि.पोडी के द्वारा स्वयं सेवको को भाषण एवं गीत के माध्यम से प्रशिक्षित किया।

रा.से. यो. के गोद ग्राम सैला में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें स्वयं सेवको द्वारा विद्यालय प्रागण की साफ सफाई तालाब की साफ सफाई एवं पचरी का रंगरोगन किया गया तथा रैली के माध्यम से शौचालय के उपयोग नशामुक्ति भ्रष्टाचार आदि के विरूध्द जन जागरूकता का संदेश दिया गया।

स्वामी विवेकानन्द की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया गया तथा महाविद्यालय में अध्यनरत लगभग 141 विद्यार्थियो का ब्लड ग्रुप एवं एच. आई व्ही. टेस्ट सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र पाली के द्वारा कराया गया।

## सत्र 2018–2019

### 2018–2019 की पंजीयन की जानकारी

| सामान्य | | अ.पि.व. | | अ.ज. जा | | अ. जा | | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| छात्र | छात्रा | छात्र | छात्रा | छात्र | छात्रा | छात्र | छात्रा | छात्र | छात्रा |
| 01 | 04 | 14 | 13 | 03 | 20 | 00 | 01 | 24 | 38 |

नियमित गतिविधि –

महाविघालय में स्वयं सेवको द्वारा जुलाई 20018 में पौधारोपण कार्यकम के द्वारा नियमित गतिविधि की शुरूआत की गई तथा वर्ष भर कमश: हिन्दी ई.व्ही. एम प्रदर्शनीय सहकार्य कर्मशाला का आयोजन श्री डी.एस .नेटी प्राचार्य हाईस्कूल परसदा एवं विश्वनाथ कश्यप प्राचार्य पोडी .श्री प्राजल मिश्रा नायब तहसीलदार आदि के उपस्थिति में संपन्न किया गया इस कार्यकम में शासकीय महाविघालय करतला के सहा.प्रा. एवं भगवान रजनीश के अनुयायी एवं प्रचारक डॉ.प्रभाकर दर्शन द्वारा व्यक्तित्व विकास एवं सफलता के सुत्र विषय पर छात्र/छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी गई तथा महाविघालय में संपादित विभिन्न कार्यकमों के प्रमाण पत्रो का वितरण भी किया गया ।

मजबूत लोकतंत्र के निर्माण मुें युवाओ की भूमिका विषय पर एंक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया ।



2021.06.10 15:20

## विशेष शिविर:–

रा.से.यो.इकाई का 07 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 13.01.2019 से 19.01.2019 तक शा.प्रा.शाला सराईपाली विकास खंड पाली में संपूर्ण स्वच्छता विषय पर 27छात्र/छात्राओं एवं स्टाफ के द्वारा संचालित किया गया ।

## सत्र 2018–2019

## 2019–2020 की पंजीयन की जानकारी

| सामान्य | | अ.पि.व. | | अ.ज. जा | | अ. जा | | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| छात्र | छात्रा | छात्र | छात्रा | छात्र | छात्रा | छात्र | छात्रा | छात्र | छात्रा |
| 02 | 02 | 07 | 16 | 06 | 12 | 00 | 04 | 15 | 34 |

## नियमित गतिविधि –

गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी नियमित गतिविधि का प्रारंभ पौधा रोपण से किया गया तथा महाविघालय में हिन्दी दिवस उन्मुखीकरण कार्यकम सविधान दिवस गमला सजावट प्रतियोगिता आदि के अतिरिक्त कुपोषण मुक्ति अभियान के अंतर्गत महाविघालय में रक्त अल्पता की जांच समुदायीक स्वाथ्य केन्द्र पाली के द्वारा कराया गया ।

## विशेष शिविर –

इस वर्ष रा.से.यो का 07 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 31.11.2019 से 06.12.2019 तक शासकीय पूर्व मा.शा. डोगानाला में पर्यावरण संरक्षण एवं नरवा,गरूवा ,घुरवा ,बारी विषय पर संचालित है ।

प्राचार्य
शासकीय नवीन महाविद्यालय
पाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)

(श्री टी.आर. कश्यप)
(श्री जितेन्द्र कुमार शुक्ला)